# राजमाता विजयाराजे सिंधिया, कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.)
# के.एन.के., उद्यानिकी महाविद्यालय, मंदसौर(म.प्र.)

कमाक/अधि/2020/......153 दिनाकः ......16/6/2020

## //नीलामी निविदा विज्ञप्ति सूचना//

संबंधित को सूचित किया जाता है कि उद्यानिकी महाविद्यालय, मंदसौर के अंतर्गत ग्राम पंचायत मोहम्मदपुरा में पटवारी हल्का नम्बर 20 रकबा 7.0 हैक्टेयर का तालाब, जिसके चारो तरफ ईनलेट आउटलेट के साथ सुरक्षा दिवाल (पाल) निर्मित है जिसको महाविद्यालय मछलीपालन हेतु नीलामी द्वारा तीन वर्षो तक ठेके पर आवंटित किया जाना है जिसका विवरण निम्नानुसार हैः–

| क. | तालाब का नाम | तालाब के जल क्षेत्र का रकबा हैक्टेयर में | अन्य विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | मोहम्मदपुरा | 7.0 हैक्टेयर | सर्व सुविधायुक्त |

1. मोहम्मदपुरा तालाब जिसका रकबा 7.0 हैक्टेयर जल क्षेत्र हैं जिसकी न्यूनतम बोली राशि 3.00 लाख रूपये वार्षिक रहेगा
2. ईच्छुक फर्म/आवेदक सूचना जारी होने के दिनांक से ...................... दिनांक तक 25 जून 2020 तक कार्यालयीन समय के अंतर्गत निविदा फार्म प्राप्त कर सकते हैं।
3. निविदा फार्म का मूल्य 1000/– रूपये निर्धारित है।
4. निविदाकार आवश्यकरूप से सील बंद लिफाफे में पंजीकृत डाक या स्वंय उपस्थित होकर दिनांक 29 जून 2020 दोपहर पश्चात् 5:0 बजे तक पंजीकृत डाक से भेजा जाना अनिवार्य रहेगा।
5. प्राप्त निविदा फार्म समिति के समक्ष दिनांक 01 जुलाई 2020 अपरान्ह 03:30 पर खोले जायेगें।
6. निर्धारित दिनांक के पश्चात् निविदा फार्म स्वीकारें नही जायेगें।
7. निविदा संबंधित समस्त नियम एवं शर्तें कार्यालयीन समय में देखे जा सकते हैं।

Dean
अधिष्ठाता
College of Horticulture
उद्यानिकी महाविद्यालय
MANDSAUR (M. P.)
मंदसौर
दिनांकः ..16/6/2020

कमांक/अधि/2020/......154

प्रतिलिपिः
1. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, जिला मंदसौर के सूचना पटल पर चस्पा हेतु।
2. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, जिला मंदसौर के सूचना पटल पर चस्पा हेतु।
3. सहायक संचालक, मत्स्योद्योग, जिला मंदसौर के सूचना पटल पर चस्पा हेतु।
4. उद्यानिकी महाविद्यालय, मंदसौर के सूचना पटल पर चस्पा हेतु।

Dean
अधिष्ठाता
College of Horticulture
उद्यानिकी महाविद्यालय
MANDSAUR (M. P.)
मंदसौर

Scanned with CamScanner

राजमाता विजयाराजे सिंधिया, कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.)
के.एन.के., उद्यानिकी महाविद्यालय, मंदसौर(म.प्र.)

क्रमांक / अधि / 2020 / ............ दिनांक: 17.06.2020

## / / मछली पालन हेतु आवेदन फार्म / /

1. निविदा प्रपत्र क्रमांक:............................................................................................................

2. निविदा कार्य का नाम: **मोहम्मदपुरा तलाब हेतु मछली पालन हेतु आवेदन फार्म**

3. कार्यस्थल: **मोहम्मदपुरा तलाब ग्राम मोहम्मदपुरा**

| क्र. | फर्म / निविदाकार का विवरण | | रिमार्क |
|---|---|---|---|
| 1 | फर्म / आवेदक का नाम | | |
| 2 | फर्म / आवेदक का स्थाई पता | | |
| 3 | फर्म / आवेदक का मोबाईल / ई–मेल 4 | | |
| 4 | फर्म / आवेदक का आधार कार्ड | | |
| 5 | फर्म / आवेदक का पेन नम्बर | | |
| 6 | यदि फर्म सहकारी संस्था में पंजीकृत है तो पंजीकृत का प्रमाण पत्र | | |
| 7 | आवेदक फर्म के द्वारा मछली पालन के किये गये कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र | | |
| 8 | फर्म / आवेदक का मछली पालन हेतु म.प्र. शासन के मछली विभाग में पंजीयन का प्रमाण पत्र | | |
| 9 | फर्म आवेदक के द्वारा आवेदन फार्म हेतु महाविद्यालय में जमा की गई शुल्क की रसीद | | |
| 10 | अनुबंधकर्ता को अग्रिम रूप से अमानत राशि 30,000 / – रूपये राष्ट्रीयकृत बैंक कि 3 वर्ष हेतु एफ.डी.आर. जो कि अधिष्ठाता, उद्यानिकी महाविद्यालय, मंदसौर के नाम देय हो जमा करना अनिवार्य होगा। | | |

अधिष्ठाता
उद्यानिकी महाविद्यालय
मंदसौर

Dean
College of Horticulture
MANDSAUR (M. P.)

Scanned with CamScanner

# राजमाता विजयाराजे सिंधिया, कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.)
## के.एन.के., उद्यानिकी महाविद्यालय, मंदसौर(म.प्र.)

क्रमाक / अधि / 2020 / ............ दिनाकः ............

मोहम्मदपुरा तालाब को नीलामी द्वारा मछली पालन हेतु ठेके पर दिये जाने हेतु आवश्यक शर्त

1. आवेदक को मछली पालन हेतु ठेके पर दिये जाने हेतु आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, पेन. नम्बर, जी.एस.टी. पेन नम्बर यदि सोसायटी में पंजीकृत हैं तो पंजीकृत सहकारी सोसायटी का प्रमाण पत्र होना आवश्यक है।
2. नीलामी के पश्चात् आवेदक/फर्म/पंजीकृत सहकारी समिति को 2000/– रूपये के स्टॉम्प शुल्क पर महाविद्यालय प्रशासन के द्वारा निर्धारित नीयम व शर्तो के साथ अनुबंध कराया जाना आवश्यक है।
3. स्वीकृत नीलामी वार्षिक की दर का एक तिहाई राशि कार्य प्रारम्भ करनें के पहले डिमाण्ड ड्राफ्ट (डी.डी) जमा कराया जाना अनिवार्य है।
4. संबंधित निविदाकार द्वारा मछली पालन हेतु दिये गये तालाब के स्वरूप में कोई भी परिवर्तन नहीं किया जायेगा एवं किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य खेती का कार्य तालाब से मिट्टी बाहर निकालने का कार्य एवं किसी अन्य को तालाब का जल सिंचाई हेतु नही देगा।
5. संबंधित निविदाकार को तालाब का उपयोग केवल मछली पालन के कार्य हेतु दिया जावेगा मछली पालन के अतिरिक्त तालाब का अन्य किसी भी कार्य या अन्य प्रयोजन हेतु नहीं किया जाएगा।
6. संबंधित निविदाकार को तालाब के मछली पालन में लगाए गए कर्मचारी विवरण महाविद्यालय प्रशासन को देना अनिवार्य होगा। मछली पालन के कार्य में संलग्न किये गये कर्मचारी किसी भी अवांछनीय असामाजिक कार्यो के साथ नशा का सेवन में लिप्त नहीं होना चाहिए।
7. संबंधित निविदाकार के द्वारा वर्षा के समय तालाब के चारो तरफ निर्मित सुरक्षा दिवाल (पाल) इनलेट एवं आउटलेट वेस्टवियर का मरम्मत का कार्य स्वंय को करना होगा ताकि बारिश में तालाब में किसी भी प्रकार का कटाव नहीं हो।
8. संबंधित निविदाकार को समय–समय पर महाविद्यालय प्रशासन के द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन करना अनिवार्य रहेगा।
9. महाविद्यालय प्रशासन के द्वारा निविदा कार्य को उपरोक्त दिये गये नियम एवं शार्तों का पालन करना अतिआवश्यक होगा। किसी भी अनुबंधों की शर्तों का उल्लघंन किये जाने पर 15 दिवस की सूचना पत्र जारी किया जावेगा। सूचना पत्र का जवाब उचित नहीं होने पर अनुबंध समाप्त किया जाकर तालाब का अधिपत्य महाविद्यालय प्रशासन के द्वारा ले लिया जाएगा।
10. मछलीपालन के समय होने वाली किसी भी दुर्घटना एवं जनहानी के लिये अनुबंधकर्ता जिम्मेदार होगा और महाविद्यालय प्रशासन इससे कोई भी सरोकार नहीं होगा।
11. अनुबंधकर्ता को अग्रिम रूप से अमानत राशि 30,000/– रूपये राष्ट्रीयकृत बैंक कि 3 वर्ष हेतु एफ.डी.आर. जो कि अधिष्ठाता, उद्यानिकी महाविद्यालय, मंदसौर के नाम देय हो जमा करना अनिवार्य होगा। नीलामी फार्म के साथ एफ.डी.आर. नही जमा कराए जाने की स्थिति में उसके आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
12. फर्म आवेदक जिसका जी.एस.टी. नम्बर उपलब्ध है उसको प्राथमिकता दी जायेगी।

अधिष्ठाता
उद्यानिकी महाविद्यालय
मंदसौर

Dean
College of Horticulture
MANDSAUR (M. P.)

Scanned with CamScanner